पाठ–18

# हार नहीं होती

5H2KE6

— सोहन लाल द्विवेदी

इस कविता में प्रयत्न एवं परिश्रम की महिमा गाई गई है। कवि कहते हैं कि निरंतर प्रयत्न करते रहने वालों की कभी पराजय नहीं होती। छोटी–सी चींटी जब दीवार पर चढ़ती है तो वह कई बार नीचे फिसल जाती है, किन्तु वह हार नहीं मानती। अंततः उसकी मेहनत बेकार नहीं जाती और वह ऊपर चढ़ने में सफल हो जाती है। गोताखोर उत्साह में भरकर गहरे पानी में उतरता है और मोती निकाल ही लाता है। असफलता को एक चुनौती की तरह स्वीकार करना चाहिए और संघर्ष करते हुए आगे बढ़ना चाहिए।
इस पाठ में हम सीखेंगे– शब्दों के शुद्ध रूप, तत्सम और तद्भव रूप, विलोम शब्द, मुहावरों के अर्थ।

लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती।
नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है,
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है,





आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती।
डुबकियाँ सिंधु में गोताखोर लगाता है,
जा–जाकर खाली हाथ लौटकर आता है।
मिलते न सहज ही मोती गहरे पानी में,
बढ़ता दूना उत्साह इसी हैरानी में,

शिक्षण–संकेत– बच्चों को बताइए कि जो निरंतर प्रयास करता रहता है, वह अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर ही लेता है। जिस काम को हम हाथ में लें उसे पूरा करके ही छोड़ें। कविता का सस्वर वाचन करें और अलग–अलग विद्यार्थियों से उसका अनुकरण वाचन कराएँ। कविता में जो उदाहरण दिए गए हैं, उनके अतिरिक्त कुछ अन्य उदाहरण देकर बताएँ कि जो लोग अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सतत् प्रयत्नशील रहते हैं, उन्हें सफलता अवश्य मिलती है। अँग्रेजी कविता की ये पंक्तियाँ भी कक्षा में सुनाएँ–

**Try and try again boys,**
**You will succeed at last.**

मुठ्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती।

असफलता एक चुनौती है, स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो,
जब तक न सफल हो, नींद चैन त्यागो तुम,
संघर्षों का मैदान छोड़ मत भागो तुम।

कुछ किए बिना ही जय–जयकार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती।

## शब्दार्थ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नौका | – | नाव | रगों में | – | नसों में |
| अखरना | – | खलना, बुरा लगना | सिंधु | – | समुद्र |
| चुनौती | – | ललकार | संघर्ष | – | टकराव, मुकाबला |
| हैरानी | – | आश्चर्य | मैदान छोड़ना | – | पीछे हटना |
| चैन | – | शान्ति | सहज | – | आसान |

## प्रश्न और अभ्यास

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

1. ''कोशिश करनेवालों की हार नहीं होती'' इस पंक्ति का क्या आशय है?
2. चींटी किस प्रकार संघर्ष करती है?
3. सफलता पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए?
4. कविता की उन पंक्तियों को लिखो जो तुम्हे सबसे अच्छी लगी। क्यों अच्छी लगी?
5. यदि हम किसी काम को करने में किसी कारणवश असफल हो जाते है तो हमें निराश क्यों नहीं होना चाहिए।
6. परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए तुम क्या–क्या तैयारी करते हो?

**प्रश्न 2. सही जोड़ी बनाओ–**

| | | |
|---|---|---|
| नौका | – | एक चुनौती है। |
| चींटी | – | लहरों से डरती नहीं है। |
| गोताखोर | – | सौ बार फिसलती है। |
| असफलता | – | सिंधु में डुबकियाँ लगाता है। |

प्रश्न 3 खंड 'अ' और खंड 'ब' से कविता के अंश लेकर पंक्तियाँ पूरी करो–

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| क्या कमी रह गई | हर बार नहीं होती |
| कोशिश करनेवालों की | जय–जयकार नहीं होती है। |
| मुट्ठी उसकी खाली | मोती गहरे पानी में |
| मिलते न सहज ही | हार नहीं होती। |
| कुछ किए बिना ही | देखो और सुधार करो। |

प्रश्न 4. निम्नलिखित पंक्तियाँ किसके लिए प्रयुक्त हुई है–

1. मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती।
2. आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती।

## भाषातत्व और व्याकरण

प्रश्न 1. निम्नलिखित शब्दों में से तत्सम और तद्भव शब्द चुनकर लिखो–

मोती, मन, लहर, सिंधु, नींद, हाथ, गाय, दर्शन, चरण, प्राण।

प्रश्न 2. नीचे लिखे शब्दों की जगह और कौन सा शब्द इस्तेमाल हो सकता है? खाली जगह में लिखो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| हार | ................................... | सौ | ....................................... |
| नींद | .................................. | सिंधु | ..................................... |
| कोशिश | ................................ | डर | ..................................... |
| लहर | ................................... | मेहनत | .................................... |

प्रश्न 3 निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध शब्द चुनकर लिखो–

चुनौती, मुठ्ठी, बड़ा, चढती, विस्वास, महनत, कोशिश, नन्नीं, नोका, साहस, संघर्ष।

प्रश्न 4 तुमने पढ़ा है कि कुछ शब्द सदा एकवचन में रहते हैं और कुछ शब्द बहुवचन में। दोनों प्रकार के दो–दो शब्द लिखो।

प्रश्न 5 'जय–जयकार करना', 'कोशिश करना' क्रियाओं का भूतकाल, वर्तमान काल और भविष्यत् काल के एक–एक वाक्य में प्रयोग करो।

प्रश्न 6 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो–

हार, विश्वास, बढ़ना, सफलता, स्वीकार, उत्साह, चैन।

प्रश्न 7. मेहनत के मुहावरे–

कोल्हू का बैल ऐसे व्यक्ति को कहते है जो कड़ी मेहनत करता है या जिससे कड़ी मेहनत करवाई जाती है।

मेहनत और कोशिश से जुड़े कुछ और मुहावरे नीचे लिखे है। इनका वाक्यों में इस्तेमाल करो।

- दिन रात एक करना।
- पसीना बहाना।
- एड़ी–चोटी का जोर लगाना।

ऊपर में दिए मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग करो।

## योग्यता–विस्तार

- महाराणा प्रताप अकबर से पराजित होकर अरावली के जंगलों में चले गए। उन्होंने हार नहीं मानी थी। उनकी सफलता की कहानी खोजकर पढ़ो।
- अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन चुनाव में कई बार पराजित हुए किन्तु उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अंत में उनकी विजय हुई और वे राष्ट्रपति बने। इनका जीवन–चरित खोजकर पढ़ो।
- पांडवों ने बारह वर्ष का वनवास सहा, उन्होंने कौरवों के अत्याचार सहे लेकिन हार नहीं मानी। अंत में युद्ध में उनकी विजय हुई। महाभारत की कथा अपने शिक्षक से जानों।

इन कविताओं की पक्तियों को आगे बढ़ाओ।

घंटी बोली टन–टन–टन
......................................
कहां चले भाई कहां चले
......................................
रेल चली भई रेल चली
......................................
कल की छुट्टी परसों का इतवार
......................................
रोटी दाल पकाएंगें
......................................

5H9FGQ